# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| | | |
|---|---|---|
| **Class: VI( 2nd lang.)** | **Department: Hindi** | |
| **Worksheet No: 2** | **Topic: Paragraph Worksheet** | **Note: Pl. file in portfolio** |

Answers :

प्रश्न - निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए :-

कानन वन में भोलू और गोलू नामक दो कौवे रहते थे | उन दोनों के घोंसले आमने - सामने पेड़ों पर थे । वे हर- रोज एक-दूसरे को इधर-उधर आते-जाते देखा करते थे । धीरे - धीरे उन दोनों में मित्रता हो गई । गोलू का स्वभाव किसी को भी अच्छा नहीं लगता था | वह बहुत ही चालाक , लालची और घमंडी कौआ था। उसके अपने बारे में ये विचार थे कि "कोई भी मेरे जैसा समझदार नहीं हो सकता ,

" मैं सब से अधिक चतुर , गुणवान और श्रेष्ठ हूँ|" उसे यह भी लगता था कि कैसे हालातों को अपने पक्ष में किया जा सकता है, इस बात को भी वह भलीभांति समझता है ।

वह अक्सर दूसरों को धोखा देता रहता था । वह तो सबसे श्रेष्ठ बनना चाहता था इसके लिए वह कोई भी रास्ता चुन सकता था । फिर चाहे वह रास्ता सही हो या गलत इससे उसे कोई फर्क नहीं पड़ता था । भोलू अपने नाम के अनुसार बहुत ही ईमानदार , दयालु और भोला कौआ था । वह सबके साथ बड़े प्यार से मिलता तथा सबकी भलाई के कामों में लगा रहता था । गोलू के साथ भी उसका व्यवहार बहुत अच्छा था । वह उसको अपना सच्चा मित्र समझता था । वह सदा उसकी मदद करता और उसका साथ देता था।

एक बार गोलू सबके सामने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करने के लिए कहने लगा कि, "मैं सर्वश्रेष्ठ हूँ । मेरे जैसा गुणी और बुद्धिमान कोई हो ही नहीं सकता |" यहाँ तक कि उसने अपने मित्र को ही चुनौती दे दी । वन के सभी पक्षियों ने मिलकर यह तय किया कि जो चुनौती को पूरा कर लेगा , वही श्रेष्ठ होगा। जो चुनौती उसने भोलू को दी थी वह यह थी कि उन दोनों को अपनी चोंच में एक- एक भरा हुआ थैला लेकर उड़ना था। जो अपने थैले को लेकर आकाश में अधिक ऊपर उड़ेगा, वही श्रेष्ठ होगा।

गोलू ने भोलू के साथ एक चालाकी की । उसने अपने थैले में रूई और भोलू के थैले में नमक भर दिया । फिर दोनों ने उड़ान भरी। जल्दी ही थैले का वजन कम होने के कारण गोलू भोलू से अधिक ऊपर उड़ने लगा और भारी वजन होने के कारण भोलू ऊँची उड़ान भरने में असमर्थ था।

परन्तु कुदरत का इंसाफ देखिए | तभी बारिश शुरू होने के कारण-रूई पानी सोखने के कारण भारी हो गई और नमक पानी में घुल गया। अब गोलू का थैला भारी और भोलू का थैला हल्का हो गया।

इसलिए भोलू ने गोलू के मुकाबले अधिक ऊँची उड़ान भरी। वह चुनौती जीत गया। गोलू के घमंड, चालाकी और बेईमानी की हार हो गई |

प्रश्न -1- कानन वन में कौन रहते थे ?

* भोलू और गोलू नामक दो कबूतर ।
* भोलू और गोलू नामक दो कौवे। √
* भोलू और गोलू नामक दो बंदर ।
* भोलू और गोलू नामक दो शेर।

प्रश्न -2- गोलू कैसा कौआ था ?

* वह चालाक ,लालची और घमंडी था। √
* वह सीधा- सादा और दयालु था।
* वह विनम्र , ईमानदार और अच्छा था ।
* वह सच्चा ,बुद्धिमान और मेहनती था।

प्रश्न -3- “कोई भी मेरे जैसा समझदार नहीं हो सकता,“ मैं सब से अधिक चतुर,गुणवान और श्रेष्ठ हूँ|” ये किसके विचार थे ?

* गोलू के √
* भोलू के
* सभी पक्षियों के
* सभी जानवरों के

प्रश्न -4- भोलू कैसा कौआ था ?

* लालची और घमंडी था।
* ईमानदार , दयालु और भोला था । √
* ईर्ष्यालु , झगडालू और मक्कार था ।
* डरपोक और सुस्त था ।

प्रश्न -5- भोलू गोलू को कैसा मित्र समझता था ?

* सच्चा मित्र समझता था । √
* बुरा मित्र समझता था ।
* मूर्ख मित्र समझता था ।
* स्वार्थी मित्र समझता था ।

प्रश्न -6- जो चुनौती को पूरा कर लेगा , वही श्रेष्ठ होगा।ये तय करनेवाले कौन थे ?

* वन के सभी पेड़ । * वन के सभी मोर ।
* वन के सभी पक्षी ।√ * वन के सभी पौधे ।

प्रश्न -7- गोलू ने अपने थैले में रूई और भोलू के थैले में क्या भरा था ?

* पत्थर * चावल
* नमक√ * कपड़े

प्रश्न -8- जो चुनौती गोलू ने भोलू को दी थी उसके अनुसार उन दोनों को अपनी चोंच में क्या लेकर आकाश में उड़ना था ?

* एक भरा हुआ मटका । * एक भरा हुआ थैला ।√
* एक भरा हुआ गुब्बारा । * एक भरा हुआ डिब्बा ।

प्रश्न - 9 - रूई पानी सोखने के कारण भारी हो गई और नमक पानी में घुल गया। अब गोलू का थैला भारी और भोलू का थैला हल्का हो गया। ऐसा कैसे संभव हो पाया ?

* नदी में गिरने के कारण । * समुद्र में गिरने के कारण ।
* बारिश शुरू होने के कारण।√ * तालाब में गिरने के कारण ।

प्रश्न - 10 - अंत में किसकी जीत हुई ?

* गोलू की जीत हुई । * भोलू की जीत हुई ।√
* सब की जीत हुई । * दोनों की जीत हुई ।

**************